हीरो की समिट में कारोबार बदलाव पर चर्चा

नई दिल्ली। हीरो एंटरप्राइजेज के माइंडमाइन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित माइंडमाइन समिट के 11वें संस्करण का समापन हुआ। इस दो दिवसीय समिट का विषय अवरोध-भारत के लिए नयी सामान्य चीज था। इस अवसर पर भारत सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री वेंकैया नायडू, सुरेश प्रभु, रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, डॉक्टर महेश शर्मा, श्रीमती निर्मला सीतारमण, जयंत सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त किए। समिट में हीरो एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने कहा, हाल के समय से भारत में बड़े बदलाव हो रहे हैं जिनसे हमारे देश की वृद्धि और विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। दो दिनों में हमने 41 प्रमुख वक्ताओं को सुना और 400 प्रतिनिधियों ने गैर पारंपरिक मुद्दों को छुआ।